भारत सरकार
योजना मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1741
दिनांक 03.08.2026 को उत्तर देने के लिए

विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रूपरेखा

1741. श्री संदोष कुमार पी:

क्या ***योजना*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या नीति आयोग ने विकसित भारत @2047 के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कोई दीर्घकालिक राष्ट्रीय विकास कार्यनीति या रूपरेखा तैयार की है;

(ख) यदि हाँ, तो मुख्य क्षेत्र-वार लक्ष्यों और उपलब्धियों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या रूपरेखा तैयार करने और इसके कार्यान्वयन में राज्य सरकारों के साथ परामर्श किया गया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) प्रगति की निगरानी करने और परिणामों का मूल्यांकन करने के लिए क्या तंत्र विकसित किया गया है; और

(ङ) इस रूपरेखा के अंतर्गत संतुलित क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित करने तथा अंतर-राज्यीय विषमताओं को कम करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं
राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) से (ड.) विकसित भारत@2047 विजन का उद्देश्य वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। इस विजन का उद्देश्य दस (10) सचिवों के क्षेत्रक समूहों (एसजीओएस) द्वारा सुगम बनाए गए व्यापक अभिसरण के माध्यम से मंत्रालयों/विभागों को अपनी नीतियों/स्कीमों की योजना बनाने, उन्हें लागू करने, उनका मापन और निगरानी करने में सक्षम बनाना है, ताकि 2047 तक 'विकसित भारत' के विज़न को प्राप्त किया जा सके। कई राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों ने भी अपने 'विकसित राज्य@2047 विजन दस्तावेज' प्रकाशित/जारी किए हैं।